37

Title: Need for construction of an overbridge on National Highway No. 7 at Kalihat Railway Station in Mirzapur District, Uttar Pradesh.

श्री रामशकल (राबर्ट्सगंज) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में जनपद मिर्जापुर, उ.प्र. में राट्रीय राजमार्ग सं.-7 जो चुनार-मिर्जापुर होकर जाती है, कैलहट रेलवे स्टेशन के पास ओवरब्रिज बनाने हेतु बराबर मांग होती रही है। प्रदेश सरकार ने भी प्रस्ताव बनाकर भेजा है तथा उस पर खर्च होने वाले 50 प्रतिशत धन देने की स्वीकृति भी दे दी है।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि राट्रीय राजमार्ग सं.-7 पर कैलहट रेलवे स्टेशन के पास ओवरब्रिज बनाने हेतु स्वीकृति प्रदान कर धन अवमुक्त कर कार्य कराने की कृपा करें।